हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

करें उत्सव की
शुरुआत प्यार से।

सुमीत बाजार™

दीपावली खरीदारी पर
CASHBACK VOUCHER
₹1,000 की छूट
हर ₹2,500 की खरीदारी पर
ऑफर केवल 30 अक्टूबर तक
*नियम व शर्तें लागू

*condition apply

मेन्स वियर • लेडिस वियर • टीन्स वियर • किड्स वियर • होम फर्निशिंग • गृह उपयोगी सामान • एसेसरीज

कैशबैक वाउचर स्कीम सिर्फ इन स्टोर्स में लागू - छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब आरंग | बिलासपुर | भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला | दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव | राजनांदगांव-बसंतपुर | डोंगरगढ़ | भाटापारा | धमतरी | कांकेर | कोण्डागांव | सिमगा | खरोरा बालोद | बेमेतरा | कवर्धा | सरायपाली | बागबाहरा || उड़ीसा - नुआपाड़ा || मध्यप्रदेश - बालाघाट | धामनोद || अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर
नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन इन स्टोर्स पर भी उपलब्ध - छत्तीसगढ़ - रायपुर - संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर | नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड भिलाई - पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड | महासमुंद || उड़ीसा - खरियार रोड

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com

खबर संक्षेप

सेवा सेतु से मिला जरूरी दस्तावेज



छुईखदान। पढ़ाई, छात्रवृत्ति और शासकीय योजनाओं के लिए आय प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ती है। समय पर यह दस्तावेज उपलब्ध होने से आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने में सुविधा होती है। ग्राम खुडमुड़ी के देवनाथ पिता केवलराम ने भी अपने पुत्र गोपेन्द्र कुमार के लिए सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आय प्रमाण पत्र का आवेदन किया था। उनके आवेदन पर आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद अब गोपेन्द्र के पास परिवार की आय का आधिकारिक दस्तावेज उपलब्ध है। आगे जिन शैक्षणिक कार्यों अथवा योजनाओं में आय प्रमाण पत्र मांगा जाएगा, वहां संबंधित नियमों और पात्रता के अनुसार इसका उपयोग किया जा सकेगा।

पेंशनरों ने किया शिक्षण सामग्री का वितरण



डोंगरगढ़। तहसील इकाई के पेंशनरों ने प्रेरणादायक पहल करते हुए गत दिनों बोरतलाव में निराश्रित, असहाय विद्यार्थियों को शाला बैग एवं स्टेशनरी सामग्री प्रदान किया। उच्चतर माध्यमिक शाला बोरतलाव में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा पहली से आठवीं तक विद्यार्थियों को अनवरत शिक्षा से जोड़ने के लिए शाला बैग और स्टेशनरी सामग्री दिया गया। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष हंसराज साहू, सचिव बहकर, कोषाध्यक्ष हेमंत साहू, कुलदीप साहू, प्राचार्य वंदना चौरे, व्याख्याता विद्यानंद डोंगरे, नारद सिन्हा, द्वारिका मंडावी, सुदेश चौरसिया अपोल एक्का, डोमेश्वर साहू ,लीना कुजूर, अनीता काम्बले, शारदा क्षत्री, खिलेश्वरी ठाकुर, संगीता तांबिका, काजल यादव, रामेश्वरी परिहार सहित अन्य शामिल हुए।

बिजली कटौती के फैसले का विरोध

डोंगरगढ़। कृषि पंप फीडरों को सुबह 6 से 8 बजे और शाम 5 से 11 बजे तक बंद रखने के निर्णय का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण ने विरोध किया है। ब्लॉक अध्यक्ष पंचराम चंदेल ने कहा कि इस समय खेतों में धान की फसल पकने की स्थिति में है और फसल को पानी की जरूरत है ऐसे समय में 8 घंटे बिजली कटौती करना किसानों के साथ अन्याय है। यह निर्णय किसान विरोधी है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय तत्काल वापस नहीं लिया तो कांग्रेस किसानों के साथ सड़क पर आकर विरोध प्रदर्शन करेगी।



नागरिकों ने चोरी का किया खुलासा

सिलेंडरों से गैस की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

एलपीजी गैस सिलेंडरों से गैस की कथित चोरी का मामला सामने आया है। इस मामले संदेह के घेरे में सिलेंडर वितरण करने वाले श्रमिक हैं। लंबे समय से उपभोक्ताओं द्वारा सिलेंडर में गैस कम मिलने की शिकायतों के बीच सुनसान मैदान में गैस सिलेंडरों से भरी गाड़ी के पास कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। स्थानीय लोगों की सूचना पर प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जांच और पंचनामा कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मौजूद चार लोग फरार हो गए।

शहर में इंडेन कंपनी की प्रॉमिनेंट फ्यूल सेंटर नाम से गैस एजेंसी संचालित है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से उपभोक्ताओं को सिलेंडर में कम गैस मिलने की शिकायतें मिल रही थीं। आदर्श नगर और भुरवाटोला के बीच सुनसान मैदान में स्थानीय लोगों ने गैस सिलेंडरों से भरी गाड़ी के आसपास कुछ लोगों को संदिग्ध हालत में देखा। स्थानीय लोगों के मुताबिक जब उन्होंने मौजूद युवकों से पूछताछ की, तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद युवकों द्वारा अपने अन्य साथियों को बुलाने की कोशिश करने से लोगों का संदेह और गहरा गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद स्थानीय फूड इंस्पेक्टर और एसडीएम मौके पर पहुंचे। मालवाहक गाड़ी को गैस एजेंसी ले जाकर पंचनामा कार्रवाई की गई।



आरोपी युवक फरार

मौके पर मौजूद चारों संदिग्ध फरार हो गए है। संदेह के घेरे में आए लोग गैस एजेंसी में सिलेंडर वितरण करते है। यह लोग राजस्थान के निवासी हैं। इस मामले में एजेंसी के जिम्मेदारों को श्रमिकों के नाम तक की जानकारी नहीं होने की बात सामने आई है।

गैस चोरी की शिकायत

जानकारी के अनुसार उपभोक्ता लंबे समय से सिलेंडर में गैस कम मिलने की शिकायत कर रहे थे। उनकी शिकायतों पर गंभीरता से लेकर कार्रवाई नहीं किया गया। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस की कमी की शिकायत करने पर उनसे ही सबूत लाकर देने को कहा जाता था। गैस एजेंसी के संचालक विवेक वासनिक ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है। वहीं दूसरी ओर जब फूड इंस्पेक्टर से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो बयान देने से इनकार करते हुए अधिकारियों से संपर्क करने कहा।

वनांचल की सड़कों का विभाग प्रमुख बंसल ने लिया जायजा

- जनप्रतिनिधियों ने रखे कई सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश बंसल गुरूवार को जिले के दौरे पर थे। स्थानीय विश्राम गृह पहुंचे श्री बंसल की अगुवाई कलेक्टर तनुजा सलाम, एसपी वाईपी सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने की। श्री बंसल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भेंट कर चर्चा की जिसके बाद वह मोहला एवं मानपुर के लिए आगे बढ़ गए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ उज्जवल पोरवाल, एसडीएम शुभांगी गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिपं सदस्य नेहरू रजक, लोक निर्माण विभाग के एसी, ईई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश बंसल से भेंट कर निकाय क्षेत्र में स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण, नाली, पाथवे व डिवाइडर के विस्तार की मांग करते हुए चर्चा की।

नगर अध्यक्ष ने बताया कि निर्माणाधीन स्टेट हाईवे में चौड़ीकरण, पाथवे, डिवाइडर का कार्य शीतला मंदिर तिराहे से प्रस्तावित है। नगर अध्यक्ष ने बताया कि यह कार्य अटल परिसर हाउसिंग बोर्ड कालोनी से किया जाता है तो आवागमन सुगम होगा तथा दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। श्री बसंल ने नगर अध्यक्ष से चर्चा के बाद इस संदर्भ में कलेक्टर एवं विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।



भाजपा अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

श्री बंसल से जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी ने भी भेंट की। उन्होंने बताया कि स्टेट हाईवे चौड़ीकरण, नाली, पाथवे, डिवाइडर कार्य अटल परिसर से किया जाना ही उचित होगा।

गुणवत्ता पर उठे सवाल

दौरे पर आए श्री बंसल ने राजनांदगांव से मोहला के मध्य कई स्थानों में रूक कर निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान मीडिया एवं नागरिकों ने सड़क के गुणवत्ता एवं अनियमितता को लेकर शिकायत की। श्री बसंल ने इस संदर्भ में कार्रवाई के निर्देश दिए है।

फसल की बर्बादी से परेशान किसान बीमा राशि और मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

किसानों की तीन प्रमुख मांगें

किसानों ने लंबित फसल बीमा राशि का शीघ्र भुगतान, प्रभावित किसानों को उचित क्षतिपूर्ति एवं मुआवजा तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पात्र कृषि उपज की खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की है। किसानों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्र का सर्वे कराने और किसानों को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराने की अपील की है। मांग करने वालों में पूर्व सरपंच राजाराम, जिवराखन मरकाम, दुलारसिंह, विष्णु धुर्वे, रायसिंह, संतोष, धनीराम, कमलेश, नारद राम, महेश मरकाम, उगेश्वर सहित अन्य शामिल हैं।

ग्राम पंचायत भोथली अंतर्गत आने वाले ग्राम भोथली, भुजारी, थूथगड़ एवं करुवा के किसानों ने प्राकृतिक आपदा से फसलों को हुए नुकसान के एवज में फसल बीमा राशि, क्षतिपूर्ति और न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय में आवेदन सौंपा है। किसानों ने प्रशासन से प्रभावित खेतों का सर्वे कराकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

किसानों के अनुसार वह कुछ वर्ष से प्राकृतिक आपदा के कारण आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। वर्ष 2025-26 में अत्यधिक बारिश के चलते धान, सोयाबीन सहित अन्य खरीफ फसलों को लगभग 70 से 80 प्रतिशत तक खराब हो गई थी। लगातार बारिश और खेतों में जलभराव के कारण फसलें प्रभावित हुईं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था।

किसानों का कहना है कि संबंधित नुकसान के एवज में अब तक उन्हें उचित क्षतिपूर्ति और फसल बीमा राशि नहीं मिली है। इसी प्रकार वर्ष 2026-27 में अल्प वर्षा के कारण किसानों को सूखे का सामना करना पड़ा। मानसून कमजोर रहने से फसलों की बुआई, अंकुरण और वृद्धि प्रभावित हुई है। कई खेतों में फसल सूखने की स्थिति बनने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। लगातार दो वर्षों से मौसम की मार झेल रहे किसानों के सामने खेती की लागत निकालने और कृषि ऋण चुकाने की चुनौती खड़ी हो गई है।

पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने सुधीर

राजनांदगांव। पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 18 अक्टूबर को प्यारेलाल स्कूल में दोपहर 12.30 बजे से प्रारंभ हुई। प्रारंभ में पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। तत्पश्चात नए जिलाध्यक्ष के लिए सुधीर शेंडे का नाम डोंगरगढ़ के तहील अध्यक्ष हंसराज साहू एवं डोंगरगांव अध्यक्ष ज्योतिषराम यादव ने समर्थन किया एवं प्रस्तावक पतराम साव नगर अध्यक्ष रहे। सभी पेशंनरों ने ताली बजाकर उनका अनुमोदन किया और इस प्रकार सुधीर शेंडे सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष घोषित किए गए। निसार अहमद प्रांतीय महामंत्री एवं श्री केहरी प्रांतीय संरक्षक द्वारा श्री शेंडे को माला पहनाकर व गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रमेश बहेकर सचिव डोंगरगढ़, हेमंत साहू डोंगरगढ़, धन्नूलाल महोबिया डोंगरगढ़, शंकर वास्कले, फलवेन्द्र सिंह ठाकुर, मनहरणलाल साहू, वाणी विलास गौतम, पुराणिकलाल साहू, सुबोध सिंह ठाकुर, नवीन महोबिया, जगदीश साहू, बांकेसिंह ठाकुर, राकेश श्रीवास्तव, देवेश ठाकुर, सुरेन्द्र साव, बुधराम वर्मा, प्रहलाद साहू, प्रेमलाल वर्मा, केडी साहू, सऊद अहमद, डोभाराम सिन्हा ने सुधीर शेण्डे का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। बैठक के अंतिम चरण में दिवगंत पेशंनर साथियों को श्रद्धांजलि दी गई।

सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग से हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर के बाजार क्षेत्र की बदहाल पार्किंग व्यवस्था नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। प्रमुख सड़कों पर बेतरतीब वाहन खड़े होने और पार्किंग का पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण आए दिन यातायात बाधित होते रहती है। थाना चौक से पुराने बस स्टैंड तक यातायात का दबाव और दुर्घटनाओं का खतरा अधिक रहता है।

बाजार क्षेत्र के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के सामने पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर ही वाहन खड़े होते है जिससे सड़क सकरी हो जाती है और राहगीरों के साथ वाहन चालकों को परेशानी होती है। भीड़ बढ़ने पर यातायात व्यवस्था अधिक प्रभावित होने लगती है। जिन क्षेत्रों में यातायात बाधित होने और दुर्घटनाओं की आशंका रहती है, वहां से अधिकारियों का नियमित आना-जाना होता है इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

स्थाई समाधान का इंतजार

शहर में यातायात और पार्किंग की समस्या नई नहीं है। समय-समय पर शिकायतें सामने आने के बाद कार्रवाई और व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया जाता है किन्तु बाजार क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था विकसित नहीं होने से नागरिकों की परेशानियां कम नहीं हो रही हैं।

बाजार में बढ़ेगा दबाव, तैयारी जरूरी

दशहरा के बाद अब दीपावली नजदीक है। त्योहारी खरीदारी के चलते बाजारों में लोगों की आवाजाही बढ़ना तय है। समय रहते पार्किंग और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो जाम की समस्या और गंभीर हो सकती है। त्योहारी सीजन में दुकानों के सामने वाहनों की कतारें, सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग और पैदल चलने वालों के लिए सीमित जगह जैसी परिस्थितियां परेशानी बढ़ा सकती हैं।

छूटे व पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं का किया जा रहा पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बूथों में नाम जुड़वाने लगेगा शिविर

विशेष अभियान के तहत बीएलओ द्वारा बूथ स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त रैन बसेरों, मजदूर कॉलोनियों तथा बेघर, वंचित एवं अन्य छूटे हुए पात्र व्यक्तियों के नामांकन के लिए भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। युवा मतदाताओं को पंजीकरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के जरिये पात्र युवाओं को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है तथा नए मतदाताओं के नामांकन के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। विशेष अभियान के अंतर्गत सभी बूथ लेवल अधिकारियों को शिविर आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं तथा बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। विशेष अभियान के दौरान बीएलओ द्वारा तैयार की गई चिन्हित मतदाताओं की सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के साथ साझा की जाएगी। अभियान के अंत में तैयार की गई बूथवार सूचियां निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी साझा की जाएगी, ताकि छूटे हुए पात्र मतदाताओं को नामांकन का एक और अवसर मिल सके। बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों तथा क्षेत्र सत्यापन रिपोर्ट के साथ संबंधित सूची निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न कारणों से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूट गए पात्र व्यक्तियों तथा पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं की पहचान कर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करने की कार्रवाई की जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहे तथा मतदाता सूची में किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल न हो।

विशेष अभियान अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा वर्तमान मतदाता सूची की तुलना प्री-एसआईआर मतदाता सूची से की जाएगी। इस दौरान ऐसे मतदाताओं की पहचान की जाएगी। जिनके नाम पूर्व की मतदाता सूची में दर्ज थे, लेकिन विभिन्न कारणों से वर्तमान मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं। चिन्हित मतदाताओं की सूची तैयार कर बीएलओ घर-घर जाकर उनका सत्यापन करेंगे तथा उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी दर्ज करेंगे। सत्यापन के दौरान पात्र पाए जाने वाले व्यक्तियों को फॉर्म-6 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बीएलओ द्वारा एक सप्ताह में कम से कम 20 से 25 चिन्हित मतदाताओं का सत्यापन करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि लगभग एक माह की अवधि में इस प्रक्रिया को पूरा किया जा सके।

गोपालपुर में दशहरा आज

घुमका। ग्राम पंचायत गोपालपुर में कल शुक्रवार को दशहरा मनाया जाएगा। उत्सव समिति के राजेश वर्मा ने बताया कि ग्राम में 47 वर्षों से दशहरा का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला मंचन के बाद रावण वध किया जाएगा। रात्रि को जय गंगा मैया नाच पार्टी कुही खुर्द का कार्यक्रम होगा। आयोजक समिति ने क्षेत्रवासियों से शामिल होने की अपील की है।



आराधना से शरीर का हीं नहीं बल्कि आत्मा का भी कल्याण होता है : समयप्रभ



राजनांदगांव। सालभर में हमने कितना आनंद लिया है, यह हमें नहीं पता, लेकिन हम यह अवश्य कर सकते हैं कि हमारा आने वाला समय आनंदमय हो। इसके लिए एक ही मार्ग है, वह है आराधना का। आराधना से हम वर्तमान के साथ-साथ आने वाले समय के लिए भी आनंद प्राप्त कर सकते हैं। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य समयप्रभ सागर ने व्यक्त किए।

मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री समयप्रभ सागर ने फरमाया कि आराधना में भाव का होना आवश्यक है। बिना भाव के आराधना नहीं हो सकती। मां का स्नेह रोके नहीं रुकता है। मां की दृष्टि बच्चों के प्रति ममत्व की होती है। परमात्मा की जितनी भी पूजा कर लो मां-बाप के प्रति जो हमारा ऋण है, वह कभी नहीं चुकाया जा सकता। सौ गुरुओं के बराबर एक माता-पिता होते हैं।

मुनिश्री समयप्रभ ने कहा कि मां की महिमा की कोई व्याख्या नहीं की जा सकती। इसी तरह सास की दृष्टि में बहू का बहुमान होना चाहिए, तभी वह बहू सफल मानी जा सकती है। एक मां जितने अपने बच्चों के बारे में जानती है उतना गुरु नहीं जान सकता। मां-बाप हमारी सफलता के पीछे के मुख्य कारण होते हैं। मां-बाप हमारे जीवन का आधार हैं।

शहर में राम सेना ने निकाला विजय जुलूस

आतिशबाजी के साथ रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्म नगरी में विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। हाई स्कूल ग्राउंड में रामलीला के मंचन के साथ रावण दहन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात भगवान नर्सिंग मंदिर में पूजा अर्चना के साथ हुई। यहां से श्री राम जी का डोला निकाला गया जिसमें वानर सेना भी शामिल हुई। वहीं रावण और उनकी सेना भी शहर भ्रमण करते हुए हाई स्कूल ग्राउंड पहुंची। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वमी बघेल थी। अध्यक्षता नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री धनेश पटिला, हरीश भंडारी, सौमित्र सोनी, महेन्द्र भाई पटेल, थानेश्वर पटिला ने भगवान श्री राम के डोले सहित राम लक्ष्मण बने पात्रों की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूवात की। रामलीला के मंचन और अतिषबाजी के बीच 20 फुट उंची रावण पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के बाद राम सेना की शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में रघुवरप्रसाद अग्रवाल, जितेन्द्र सिंग, मतिन खान, राकेश अग्रवाल, उमा महेश वर्मा, राजु भुत, गणेश नरेडी, तुलसी प्रसाद मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।





हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

खबर संक्षेप

बाइक-मोपेड में भिड़ंत युवक की मौत

राजनांदगांव। बाइक एवं मोपेड के बीच भिड़ंत हो गई। जिससे मोपेड सवार एक युवक को गंभीर चोंटे आई और उसकी मौत हो गई।

इस घटना में दूसरा युवक घायल है, जिसे उपचार हेतु ले जाया गया है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आंतरगांव निवासी पवित्र चौहान 20 वर्ष बीती रात अंबागढ़ चौकी झांकी देखने के लिए मोपेड में सवार होकर जा रहा था। वह ग्राम पांगरी मेन रोड के पास पहुंचा ही था कि विपरित दिशा से आ रही बाइक ने ठोकर मार दिया। इस घटना में दोनों वाहन के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने पवित्र चौहान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार उक्त घटना में घायल शौर्य वैध को उपचार हेतु राजनांदगांव चिकित्सालय रिफर किया गया है। पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।



निगम की टीम ने लिया एक्शन, इधर खुलेआम मांस बिक्री के विरोध में सर्व समाज ने निकाली रैली

गाय को काटने वाले के अवैध बने मकान पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गौरीनगर में गौ-हत्या के मामले को लेकर जहां आरोपी रह रहा था, उस घर में बुलडोजर कार्रवाई की गई। नगर निगम के अमले द्वारा आज सुबह 5 बजे अवैध मकान निर्माण को जेसीबी चलाकर ढहा दिया गया। यह वही मकान था, जहां गाय को काटा जाता था।

गौहत्या से जुड़े मामले को लेकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में जहां 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं गौरीनगर के जिस मकान में गो-वंश की हत्या की जाती थी, वहां नगर निगम ने भी सख्त कार्रवाई करते अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया है। गौरीनगर के इस मकान में गाय काटे जाने को लेकर मामला सामने आने के बाद लोगों में जमकर आक्रोश था। आरोपी के मकान को तोड़ने की मांग करते हुए स्थानीय लोगों द्वारा प्रदर्शन भी किया गया। इसके बाद इस अवैध निर्माण को लेकर शिकायत भी हुई, जिस पर नगर निगम ने कार्रवाई की है।





रहा तगड़ा पहरा

गौ-हत्या से जुड़े इस संवेदनशील मामले को लेकर जिले में पहली बार किसी आरोपी के मकान को तोड़ने कर्रवाई की गई है। नगर निगम का अमला सुबह 5 बजे आरोपी का मकान तोड़ने पहुंच गया था। इस दौरान पुलिस की कड़ी व्यवस्था रही। सुबह से ही पुलिस बल के द्वारा शांतिपूर्ण कार्रवाई संपन्न करने के लिए गौरी नगर मार्ग पर नाकेबंदी कर दी गई थी।

अवैध कारोबार का केंद्र था मकान, हुई कार्रवाई

गौ हत्या के संवेदनशील मामले में नगर निगम द्वारा की गई इस कार्रवाई को लेकर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि अतिक्रमण में मकान का अवैध निर्माण था। यह मकान अवैध कारोबार का केंद्र बना हुआ था, जिसे नगर निगम अधिनियम के तहत तोड़ा गया है।

निगम आयुक्त रहे मौजूद

बताया जा रहा है कि जिस मकान को नगर निगम द्वारा तोड़ा गया, इस मकान में आरोपी अलीम उर्फ कनवा द्वारा गौ हत्या कर मांस बेचा जाता था। आज सुबह नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम और उनकी टीम द्वारा इस अवैध निर्माण पर जेसीबी चलाकर इसे नष्ट किया गया। सुबह लगभग 10 बजे तक तोड़फोड़ के इस कार्रवाई को पूर्ण कर लिया गया था। नगर निगम द्वारा मामले के संवेदनशीलता को देखते हुए भीड़ को नियंत्रित करने मार्गों को बंद कराया गया था। जिससे शांतिपूर्ण कार्रवाई संपन्न हुई।

बिरयानी सेंटरों को एक जगह व्यवस्थित करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गौरीनगर क्षेत्र में गौ हत्या कर मांस विक्रय का मामला सामने आने के बाद सर्व समाज द्वारा इसके विरोध में बैठक आहूत की गई और गुरुवार को एक रैली निकालकर शहर में मांस विक्रय के कारोबार को प्रतिबंधित करने मांग की गई। बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोगों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर मधुसूदन यादव को इस आशय का ज्ञापन देते हुए शहर में जगह-जगह संचालित बिरयानी सेंटर और मांस-मटन बिक्री वाले दुकानों को चिन्हित स्थल पर ही व्यवसाय की अनुमति देने कहा है।

शहर में कई जगहों पर खुलेआम मांस-मटन की बिक्री हो रही है। वहीं जगह-जगह बिरयानी सेंटर लगाकर व्यवसाय किया जा रहा है। शहर के फ्लाई ओवर के नीचे भगत सिंह चौक से लेकर गायत्री मंदिर चौक तक ही लगभग 8 बिरयानी सेंटर संचालित हो रहे थे। बीते दिनों गौ मांस के मामले को लेकर बिरयानी सेंटर में इसकी बिक्री की आशंका भी जताई गई थी। इस मामले को लेकर सर्व समाज के लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है और शहर के विभिन्न जगहों में संचालित हो रहे मांस और बिरयानी की दुकानों को बंद कराने मांग की है। सर्व समाज द्वारा शहर के विभित्र क्षेत्रों में संचालित मांस विक्रय एवं मांसाहार की दुकानों को निर्धारित स्थल पर स्थानांतरित करने और खुले में मांस काटने एवं विक्रय पर रोक लगाने के संबंध में बैठक में एक राय बनी। इसके बाद आज शहर में रैली निकाली गई और महाकाल चौक पर पहुंचकर नारेबाजी की गई। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता खुबचंद पारख, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद, अरुण डुलानी, सूर्यकांत जैन, अशोक लोहिया, मनोज बैद, जैनम बैद, भावेश बैद, आकाश चोपड़ा, शरद सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।





खुले में बिक रहा मांस

सर्व समाज के लोगों ने अपने ज्ञापन में कहा कि गोल बाजार, फ्लाई ओवर के नीचे, नगर निगम के सामने, म्युनिसिपल स्कूल के सामने, नए बस स्टैंड और इसके आसपास के क्षेत्र, हाट बाजार, गंज चौक से नंदई रोड सहित शहर के अन्य स्थानों पर दुकानों एवं ठेलों के माध्यम से मांस विक्रय तथा मांसाहार परोसने की गतिविधियां संचालित हो रही है। कुछ स्थानों पर खुले में मांस बेचने से गंदगी और दुर्गंध फैल रहा है।

निर्धारित स्थल पर होगा व्यवस्थित

इस मामले में महापौर मधुसूदन यादव ने सर्व समाज को आश्वस्त करते कहा कि बिना अनुमति संचालित सभी दुकानों पर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी को एक जगह व्यवस्थित किया जाएगा। इस मामले को लेकर नगर निगम द्वारा बिना अनुमति संचालित हो रहे बिरयानी सेंटर और मांस-मटन की दुकानों को नोटिस जारी की जा रही है।



खबर संक्षेप

दिल्ली जेन जी पार्लियामेंट में शामिल हुए विप्लव साहू

खैरागढ़। राजधानी दिल्ली स्थित राजा राम मोहन राय सभागार में देश की बात फाउंडेशन द्वारा आयोजित (जनरेशन जेड पार्लियामेंट) में छत्तीसगढ़ के संयोजक एवं सामाजिक चिंतक विप्लव साहू अपनी टीम के साथ प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य एवं प्रमुख वक्ता देश की बात फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल रॉय रहे। सभागार में उपस्थित देश भर के युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजक गोपाल रॉय ने वर्तमान परिदृश्य में युवाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल सवाल पूछना काफी नहीं है, बल्कि युवाओं को समाधान की ओर बढ़ते हुए नीति-निर्माण का हिस्सा बनना होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की टीम का नेतृत्व कर रहे सामाजिक चिंतक विप्लव साहू ने कहा कि इस मंच पर देश के कोने-कोने से आए युवा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय अधिवेशन में शिक्षा और स्किल गैप को दूर करने, बेरोजगारी के ठोस समाधान तलाशने और अगली पीढ़ी के लिए अवसर तैयार करने पर गहन विचार-विमर्श किया गया।



भंते बुद्धपाल ने पेंडरी पहुंचकर प्राप्त किया दर्शन लाभ

राजनांदगांव। सुकुलदैहान समीपस्थ सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में चातुर्मास पर्व अंतर्गत बौद्ध धम्मगुरू पूज्य भंते बुद्धपाल अपने श्रामनेर संघ सहित जिला सिवनी मध्यप्रदेश से पधारकर दर्शन लाभ प्राप्त किया। ज्ञात हो कि 18 अक्टूबर को जिला चातुर्मास आयोजन समिति एवं सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आध्यात्मिक दिव्य सत्संग भजन प्रवचन समारोह लगातार 12 वर्षों से गुरु पूर्णिमा से देवशयनी एकादशी तक आध्यात्मिक दिव्य सत्संग प्रवचन परम-पूज्य महात्मा श्री लेखचंद साहेब एवं विभिन्न संत महापुरुषों की सानिध्य में आयोजित किया जाता है। बौद्ध धम्मगुरूजनों द्वारा वर्षा समापन शिविर के तहत ग्राम पेंडरी में सैकड़ों के संख्या में पहुंचकर आध्यात्मिक दिव्य सत्संग प्रवचन में शामिल होकर सदगुरु कबीर साहेब जी जीवन दर्शन पर सारगर्भित विचार रखे। साथ ही साथ कबीर पंथ के ओर से लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग अपने संत मंडली के साथ पधारे हुए थे। इस अवसर पर तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ के सम्मानित पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। जिसमें हंसराज साहू, मदन मोहन साहू, हेमंत कुमार साहू, मंथीरदास साहू, सुजाता साहू, नरबद वर्मा, भागवत साहेब, सेवादास साहेब जैसे अन्य लोग उपस्थित थे। यह जानकारी गोरख दास साहू ने दी है।



जिला पंचायत की बैठक 26 को

राजनांदगांव। सहकारिता और उद्योग स्थायी समिति जिला पंचायत राजनांदगांव की बैठक 26 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागीय कार्यों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की गई है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

पुराने लंबित निर्माण को दिसंबर माह तक करें पूर्णः बसंल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने जिले में चल रहे सड़क, पुल-पुलिया और शासकीय भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते पुराने एवं लंबित कार्यों को दिसंबर तक अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बारिश के कारण रूके कार्यों को तत्काल शुरू कर उनमें तेजी लाने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा।

न्यू सर्किट हाउस में हुई समीक्षा बैठक में श्री बंसल ने जिले में स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं लंबित कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा नहीं करने और गुणवत्ताहीन निर्माण करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा आवश्यकता होने पर उन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाए। बैठक में कलेक्टर जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

काम को प्राथमिकता

सचिव ने सड़क निर्माण, चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते कहा कि सड़कों के काम प्राथमिकता से पूरा किया जाए, ताकि नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके। उन्होंने निर्माण स्थलों का नियमित निरीक्षण करने और तकनीकी मापदंडों के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों में आने वाली तकनीकी एवं प्रशासनिक अड़चनों का तत्काल निराकरण करने को भी कहा।



दीपावली से पहले मजदूरी भुगतान पर जोर

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों को दीपावली से पहले मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को समय पर मजदूरी मिलना सुनिश्चित किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

भवन निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

शासकीय भवनों के निर्माण, मरम्मत एवं संधारण कार्यों की समीक्षा करते उन्होंने निर्माणाधीन एवं लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने कहा। उन्होंने भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित कारणों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

मारपीट में संलिप्त युवकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

युवक की पिटाई से भड़के ग्रामीण नर्मदा में तीन घंटे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम नर्मदा में गुरुवार सुबह करीब दस बजे संडी के ग्रामीणों ने मारपीट के विवाद को लेकर करीब तीन घंटे तक मुख्य मार्ग में चक्काजाम किया। जिससे राजनांदगांव, कवर्धा एवं साल्हेवारा तीनों ओर जाने वाला मार्ग का आवागमन तीन घंटे तक बंद रहा।

जानकारी अनुसार गुरुवार की सुबह नर्मदा के युवक ने ग्राम संडी के एक युवक बादल वर्मा को बहुत बुरी तरह से मार दिया। जिससे युवक के परिवार एवं ग्रामीणों ने मारपीट में संलिप्त सभी युवकों पर कड़ी कार्रवाई को लेकर सड़क पर बैठ गए। मौके पर पुलिस प्रशासन की टीम ग्रामीणों को समझाइश देकर भीड़ को हटाने का प्रयास किया, फिर भी भीड़ सड़क पर बैठी रही। पुलिस कप्तान लक्ष्य विनोद शर्मा भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया और सड़क से हटाने का प्रयास किया, फिर भी भीड़ सड़क पर डटी रही। अंततः पुलिस को लाठी लहराकर आवागमन बहाल करना पड़ा।



भीड़ को पुलिस ने खदेड़ा

अपनी मांग को लेकर ग्रामीण सुबह से सड़क पर डटे रहे तथा कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे। पुलिस ने जाम के लगभग पौने तीन घंटे बाद आवागमन बहाल कराया। लगातार समझाइश के बावजूद ग्रामीण सड़क जाम किया हुआ था। अंततः पुलिस ने भीड़ को सड़क से खदेड़कर आवागमन शुरू कराया। इधर पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्त में लेकर अपनी कार्रवाई कर रही है। घायल युवक का भी चिकित्सालय में उपचार जारी है।

दशहरा मेले में हुआ विवाद

ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की रात ग्राम संडी में दशहरा मेला का आयोजन किया गया था, जहां नर्मदा के कुछ युवक भी रात्रि में वहां गए थे। किसी बात को लेकर वहां दोनों गांव के युवकों के बीच हाथापाई हो गया था। उसी रंजिश को लेकर जब संडी का युवक बादल वर्मा जिसका दुकान नर्मदा में स्थित है, दुकान खोलने सुबह तकरीबन 8 बजे आया, तभी नर्मदा के युवक ने उसे दुकान में घुसकर बहुत बुरी तरह से मारकर लहूलुहान कर दिया। जिससे संडी के ग्रामीण बहुत आक्रोशित हो गए हैं और नर्मदा चौक में धावा बोल दिया। मामले की सूचना पुलिस को देकर युवक पर कार्रवाई की मांग करने लगे। देखते-देखते ग्रामीणों का आक्रोश चक्काजाम में तब्दील हो गया।

ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों के अनुसार नर्मदा के युवक जो मारपीट में शामिल है, उन पर पहले भी दो-तीन बार ग्रामीणों ने मारपीट करने का मामला दर्ज कराने की बात कही, फिर भी कड़ी कार्रवाई नहीं होने तथा उक्त युवकों द्वारा लगातार इसी प्रकार मारपीट करने पर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया। मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन तामकार, जनपद सभापति डोमार सिंह, ज्योति जंघेल, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर आदि ने भी मामले को शांत कराने का काफी प्रयास किया।

पति ने पत्नी को शिवनाथ नदी में धकेला, मौत

पति हिरासत में, पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर से गुजरने वाली शिवनाथ नदी में बीती रात पति ने अपनी पत्नी को धक्का दे दिया। जिससे महिला की डूबने से मौत हो गई। पत्नी को नदी में धकेलने के आरोप में मृतिका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात शिवनाथ नदी के पानी में एक महिला डूब गई। जिसकी सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस ने रात में ही महिला को पानी में खोजने का प्रयास किया। बताया गया कि आज सुबह फिर शिवनाथ नदी मोहारा में महिला की खोजबीन की गई, जिस पर महिला का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक मृतिका का नाम नीलम बोरकर पति मयूर मेश्राम 21 वर्ष स्टेशनपारा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

पुलिस कर रही जांच

बसंतपुर थाना प्रभारी कौशलेस देवांगन ने बताया कि परिजनों से पूछताछ में ज्ञात हुआ है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर वाद-विवाद हुआ करता था। आरोप है कि बीती रात घुमाने के नाम पर पति अपनी पत्नी नीलम बोरकर को मोहारा शिवनाथ नदी ले गया था। इस दौरान पुराना पुल के पास नीलम को धक्का दे दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति मयूर को हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस पूरे मामले की बारिकी से जांच पड़ताल कर रही है।

धान खरीदी केंद्रों में किसानों से अवैध वसूली का आरोप

राजनांदगांव। धान खरीदी केन्द्रों में हमाली के नाम पर किसानों से अवैध वसूली होने के मामले को लेकर प्रदेश किसान संघ द्वारा आज कृषि उपज मंडी परिसर में बैठक के माध्यम से राजनीति बनाई गई। बैठक में किसानों की आर्थिक समस्याओं, धान खरीदी में कथित अवैध वसूली, समर्थन मूल्य में वृद्धि, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया राशि तथा आगामी धान खरीदी नीति वर्ष 2026-27 को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि दाम सत्याग्रह' अभियान को प्रदेश के सभी जिलों में व्यापक रूप से चलाकर किसानों की मांगों को ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

प्रदेश किसान संघ ने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष धान खरीदी के दौरान प्रदेश के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में किसानों से हमाली के नाम पर प्रति बोरी 5 से 8 रुपए तक तौलाई, सिलाई और कांटे में धान चढ़ाने के नाम पर राशि वसूली गई। जबकि इन कार्यों के लिए विपणन संघ द्वारा सहकारी साख समितियों को 22.50 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया गया था। ऐसी स्थिति में किसानों से अलग से राशि वसूलना अनुचित है और इसकी जांच कर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। किसानों ने कहा कि पिछले वर्ष भी राज्य सरकार को ज्ञापन देकर शिकायत की गई थी, लेकिन किसानों की शिकायतों के बावजूद इस प्रकार की वसूली पर प्रभावी रोक नहीं लग पाई।



कार्रवाई की मांग

इस वर्ष सरकार द्वारा 16 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ किए जाने की घोषणा के मद्देनजर प्रदेश किसान संघ ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि किसी भी धान खरीदी केंद्र में हमाली, तौलाई, सिलाई अथवा कांटे में धान चढ़ाने के नाम पर किसानों से कोई अतिरिक्त राशि नहीं वसूली जाए। प्रशासन प्रत्येक केंद्र पर इसकी निगरानी सुनिश्चित करें तथा शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करें।

शरद पूर्णिमा 25 को, रात्रि में बांटी जाएगी जड़ी बुटीयुक्त खीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम परिसर में शरद पूर्णिमा 25 अक्टूबर की रात्रि मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच नाचा पार्टी द्वारा लोकगीत, नृत्य, गम्मत के अलावा लोक कलाकारों की भी प्रस्तुति रात्रि में 10 बजे से होगी।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा ने बताया कि शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में श्रद्धा, भक्ति के साथ नौ दिनों तक विभिन्न आयोजन किए गए। इस नवरात्र में 2395 श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए थे। अष्टमी का हवन 18 अक्टूबर व दुर्गा नवमी 19 अक्टूबर को कन्या पूजन, प्रसादी महाआरती, ज्योत-ज्वारा विसर्जन, भंडारा प्रसादी के साथ संपन्न हुआ।



कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति

श्री शर्मा ने बताया कि शरद पूर्णिमा 25 अक्टूबर की रात्रि चन्द्रकला से प्राप्त होने वाली अमृतरूपी प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं को निःशुल्क वितरीत किया जाएगा। इसके लिए संस्था ने व्यापक पैमाने पर तैयारी प्रारंभ कर दी है। वहीं पीड़तों से पंजीयन कराने की अपेक्षा की है। पीड़ित प्रसाद ग्रहण करने से 6 घंटा पूर्व व पश्चात न सोये। संस्था द्वारा लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने की दृष्टिकोण से इस वर्ष भी मनोरंजन के साथ ही लोक गीतों व लोक नृत्यों से भरपूर रहने वाली छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध नाचा पार्टी द्वारा गम्मत सहित अन्य मनोरंजक कार्यक्रम लोक कलामंच के कलाकारों द्वारा कर्मा, ददरिया, सुवा, जस व पारंपरिक गीत व नृत्य के अलावा हास्य व्यंग्य प्रहसन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही लोक कलाकारों द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

किसान भुगतान यात्रा 26 से

राजनांदगांव। समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ देते 3358 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की मांग एवं 2024-25 एवं 2025-26 की धान की अंतर की राशि क्रमशः 117 रुपए एवं 186 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त का भुगतान व समर्थन मूल्य गारंटी कानून की मांग को लेकर चलाए जा रहे दाम-सत्याग्रह अंतर्गत 26 अक्टूबर से किसान-भुगतान यात्रा प्रदेश किसान संघ शुरू करने जा रहा है।

उपरोक्त मांगों को लेकर दाम-सत्याग्रह 30 जनवरी 2026 किसान संगठनों के साथ अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजन किए जा रहे हैं। संघ ने बताया कि सरकार से किसानों की 6066 करोड़ रुपए की लेनदारी है।

मरणोपरांत परिजनों ने दान किया नेत्र, मानवता का दिया उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अपनों को खोने का दर्द बेहद कठिन होता है, लेकिन मोहला विकासखंड के विजयपुर निवासी एक परिवार ने इसी दुख के बीच मानवता की ऐसी मिसाल पेश की है, जो लंबे समय तक याद रहेगी। 23 वर्षीय यश गुप्ता के निधन के बाद उनके परिजनों ने दोनों आंखें दान करने का फैसला लिया। परिवार के इस निर्णय से किसी जरूरतमंद के जीवन में रोशनी आने की उम्मीद जगी है।

बताया गया कि विजयपुर निवासी यश गुप्ता, पिता स्वर्गीय बबलू गुप्ता, की गुरुवार सुबह करीब 6 बजे हृदयाघात से मौत हो गई। यश की उम्र महज 23 वर्ष थी। उनके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था। वह विजयपुर में किराना और जनरल स्टोर का संचालन कर अपने परिवार का सहारा बने हुए थे। यश के असमय निधन से परिवार में मातम पसरा हुआ था। इसी बीच उनके बड़े भाई आयुष गुप्ता उर्फ राजा और अन्य परिजनों ने दुख की घड़ी में साहसिक निर्णय लेते हुए यश के दोनों नेत्र दान करने की सहमति दी।



किसी की जिंदगी होगी रोशन



परिजनों का कहना है कि यश अब उनके बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी आंखें किसी जरूरतमंद के जीवन में उजाला ला सकती हैं। परिवार ने अपने इस फैसले को यश की आखिरी निशानी को जीवंत रखने का माध्यम माना। परिजनों की संवेदनशील पहल को क्षेत्र में मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल के तौर पर देखा जा रहा है। बताया गया है कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में यह नेत्रदान का पहला मामला है।

मेडिकल टीम ने किया नेत्र संग्रह

परिजनों की सहमति के बाद राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज की टीम मोहला पहुंची। डॉक्टर शिवानी योतकर, डॉ. जयंत सिंगारिया और डॉ. पवन देवांगन की टीम ने दोपहर करीब 12:30 बजे मोहला जिला स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और दोनों नेत्रों को नेत्र बैंक के लिए सुरक्षित रूप से प्रिजर्व किया।यश गुप्ता का अंतिम संस्कार गुरुवार शाम करीब 5 बजे उनके गृह ग्राम विजयपुर में किया गया।

निधन

नीलम बोरकर



राजनांदगांव। स्टेशनपारा निवासी व सामाजिक कार्यकर्ता नैन कुमार बोरकर के छोटे भाई रूपचंद बोरकर की पुत्री नीलम बोरकर (निशा) का 22 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया।

माखनदास गायकवाड़



सोमनी। ग्राम सोमनी के सतनामी समाज के राजमहंत व सेवानिवृत्त शिक्षक माखनदास गायकवाड़ का 22 अक्टूबर को निधन हो गया। वे कीर्तिभूषण गायकवाड़, पोषण गायकवाड़, स्व. गंगाशरण गायकवाड़ एवं दुष्यंत गायकवाड़ के पिताजी थे। अंतिम यात्रा दोपहर निवास स्थान से निकाली गई।

श्रद्धालुओं और बच्चों के लिए निर्मित होगा मनोरम वातावरण

नथेला मंदिर परिसर में गार्डन झूला सेट का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ग्राम पंचायत अतरिया स्थित प्रसिद्ध नथेला मंदिर परिसर में बच्चों एवं दर्शनार्थियों के लिए गार्डन झूला सेट का भव्य लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नथेला मंदिर में मुख्य अतिथि द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर और फीता काटकर किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि नथेला मंदिर परिसर में गार्डन झूला लगने से यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं और बच्चों के लिए एक मनोरम वातावरण निर्मित होगा, जिससे मंदिर की रौनकता और बढ़ेगी। उन्होंने ग्राम पंचायत को इस झूला सेट और परिसर की उचित देखरेख तथा रखरखाव के लिए विशेष ध्यान देने की अपील की, ताकि ग्रामीण एवं बच्चे लंबे समय तक इसका लाभ उठा सकें।



विकास कार्यों की सराहना

श्री सिंह ने ग्राम पंचायत अतरिया की सरपंच श्रीमती बिमला हरप्रसाद वर्मा की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सरपंच के नेतृत्व में ग्राम पंचायत में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। स्वच्छ ग्राम पंचायत बनाने से लेकर गांव के सर्वांगीण विकास के लिए जिस प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है, वह अत्यंत सराहनीय है।

ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

संबोधन के दौरान विक्रांत सिंह ने केंद्र और छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगातार ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। पंचायतों को सीधे राशि और संसाधन उपलब्ध कराकर गांवों को आत्मनिर्भर और सुविधा संपन्न बनाया जा रहा है।

प्रमुख जनप्रतिनिधि और ग्रामीण रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, भाजपा नेता विकेश गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र त्रिपाठी, जिला पंचायत सभापति जमुना नरेश कुर्रे, दीक्षा पूर्णचंद गुप्ता, केशव चंदेल, मंडल भाजपा अध्यक्ष देव कुमार सेन, सरपंच बिमला हरप्रसाद वर्मा, उपसरपंच उत्तम वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सरपंच व पंचायत प्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथि एवं समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

आवश्यकता है
हरिभूमि
समाचार पत्र को, खैरागढ़ क्षेत्र में अखबार वितरण हेतु हाकर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तत्काल संपर्क करें.
हरिभूमि कार्यालय
यात्री प्रतीक्षालय, बस स्टैण्ड, खैरागढ़
मो. 9329610524

आवश्यकता है
हरिभूमि
समाचार पत्र को डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत नागतराई, अछोली, करवारी एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्र में अखबार के वितरण हेतु हाकर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तत्काल संपर्क करें.
हरिभूमि कार्यालय
जयस्तंभ चौक, डोंगरगढ़
मो. 9300963883



खबर संक्षेप

दिव्या शर्मा बनीं निरीक्षक, एसपी कंधों पर लगाया स्टार




कवर्धा। कबीरधाम जिले में पदस्थ उप निरीक्षक दिव्या शर्मा को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने गुरुवार को एसपी कार्यालय में उनके कंधों पर स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई दी। इस दौरान अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर और मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया। व पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़, नवा रायपुर द्वारा 2 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के तहत दिव्या शर्मा को योग्यता सूची वर्ष 2026 के अंतर्गत पदोन्नति मिली है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, उप पुलिस अधीक्षक अंजू कुमारी, पदोन्नत अधिकारी के परिजन तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि पदोन्नति के साथ अधिकारी की जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं। उन्होंने दिव्या शर्मा को नए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आमजन की सेवा और सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पुलिस के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करने की अपेक्षा जताई।

डिवाइडर पर लगी दर्जनों स्ट्रीट लाइट लंबे समय से बंद, कर्मचारी, वाहन चालकों व राहगीरों को खतरा



बरबसपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर भोरमदेव शुगर फैक्ट्री कारखाना संचालित हो रहा है और वहीं आसपास इथेनॉल प्लांट भी संचालित है। जानकारी के अनुसार इस फैक्ट्री में सैकड़ों की संख्या में अधिकारी-कर्मचारी रात और दिन में ड्यूटी करने के लिए इसी राजमार्ग से पहुंचते हैं। वही भोरमदेव शुगर फैक्ट्री के किनारे राजमार्ग पर डिवाइडर और स्ट्रीट लाइट का निर्माण वर्षों पहले कराया गया था, ताकि आवागमन में लोगों को राहत मिल सके। लेकिन देखरेख के अभाव में अब धीरे-धीरे डिवाइडर भी क्षतिग्रस्त होने लगे हैं और वहीं दूसरी तरफ दर्जनों स्ट्रीट लाइट बंद हो चुके हैं, जिसके कारण रात में आवागमन करने वाले राहगीरों और अधिकारियों के लिए खतरा बना हुआ है। वही स्ट्रीट लाइट लंबे समय से बंद पड़ी हुई है, जो शोपीस बनकर रह गई है और 24 घंटे खतरे की घंटी बज रही है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर 24 घंटे फर्राटे से वाहनों की रफ्तार दौड़ती रहती है, इस मार्ग पर हमेशा हादसा-दुर्घटना प्रतिदिन होते रहते हैं। यदि बंद स्ट्रीट लाइट की मरम्मत और सुधार कर रात में दूधिया रोशनी से सड़क को रोशन कर दिया जाए, तो राहगीरों तथा अधिकारी-कर्मचारी एवं वाहन चालकों को बड़ी राहत मिल सकती है, जिससे हादसा-दुर्घटना से बचा जा सकता है। इस ओर शासन-प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है ताकि कोई हादसा-दुर्घटना न हो सके।

दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज पीपर डाहर में मनाएंगे शरद पूर्णिमा महोत्सव



सहसपुर लोहारा। सहसपुर लोहारा से लगभग 20 किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में स्थित प्रसिद्ध स्थल पीपर डाहर में पूज्य दंडी स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज का शुभ आगमन दिनांक 25 अक्टूबर 2026 को होने जा रहा है। वे 25 अक्टूबर को सायंकाल मिलाप राम यादव के दहियान में पधारेंगे। इसके उपरांत महाराज साधु-संतों एवं क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर भव्य शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाएंगे। उल्लेखनीय है कि पीपर डाहर क्षेत्र घने जंगलों के बीच अपने मनोरम प्राकृतिक झरने एवं महाभारत कालीन वीर भीम के चरण चिह्न स्थित होने के कारण जनमानस में विशेष रूप से विख्यात और आस्था का केंद्र है। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी बंधु एवं श्रद्धालु सादर आमंत्रित हैं।

धर्मिक अनुष्ठान के साथ पण्डरिया में गंगा आरती कर राज परिवार ने धर्म जागरण हेतु आराधना की



पण्डरिया। मातृशक्ति,और भक्तजनों की अगाध भक्ति अपार श्रद्धा के फलस्वरूप भूत भावन भगवान भोलेनाथ की स्तुति और पापनाशिनी माता गंगे की महाआरती सोलहवें सप्ताह में विधिवत सम्पन्न हुआ। आज के प्रमुख यजमान पंडरिया नगर को बसाने वाले राज परिवार के सदस्य पंडरिया नरेश छोटे राजा, आकाश सिंह राज अपनी धर्मपत्नी छोटी रानी साहिबा, अमृता सिंह राज और बड़े राजा साहब अमर सिंह राज की धर्मपत्नी बड़ी रानी साहिबा अल्का सिंह राज के साथ सम्मिलित होकर जनकल्याण हेतु मंत्रोच्चार और विधिविधान से महाआरती को संपूर्ण किया। शास्त्र सम्मत मतानुसार सोलह सप्ताह शिव की भक्ति एक यज्ञ के समान फलदायी होता है जिसमें षोडशः सप्ताह में सम्मिलित भक्त जनों ने जनकल्याण की भावना को अपनी आराधना से गुंजायमान किया। इस पवित्र आयोजन में यजमान रघुनंदन गुप्ता सपरिवार तथा मीनाक्षी सिंह ठाकुर सपरिवार सम्मिलित हुए वही धर्म नगरी के नाम से विख्यात पंडरिया नगर में धर्म जागरण और जनकल्याण हेतु यह आयोजन अद्भुत और अनूठा है जिसे विजय ताम्रकार परिवार और महामाया सेवा समिति मिलकर भक्ति भाव से आयोजित करते है और इसी भक्ति भाव की अविरल धारा में बहते नगरवासियों को माता गंगे की आराधना और शिव पूजा का यह रूप बहुत रास भी आ रहा सही मायनों में सत्य सनातन की परंपरा को जीवंत करता और अपने ईष्ट और अभीष्ट को प्राप्त करने का यह एक सच्चा और सुगम मार्ग है।

समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश व सौंपी गई जिम्मेदारी

भव्य एवं गरिमामय ढंग से आयोजित होगा जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 02 नवंबर को जिला मुख्यालय कवर्धा में जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन भव्य एवं गरिमामय ढंग से किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को आयोजन से संबंधित दायित्वों का गंभीरता एवं समन्वय के साथ निर्वहन करने को कहा।

बैठक में जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, आरपी अचला एवं सागर सिंह राज सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में शिविर लगाकर हितग्राहियों को दिलाएं बुनियादी सुविधाएं



कलेक्टर ने जिले के बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पात्र बैगा परिवारों के सदस्यों के आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र बनाने की कार्रवाई शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इन क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया।

आई गॉट कर्मयोगी के पाठ्यक्रम पूर्ण करने के निर्देश

राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शासकीय कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर प्रतिमाह न्यूनतम एक घंटे का पाठ्यक्रम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को 31 अक्टूबर 2026 तक कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन एवं योग निद्रा विषयक दो पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से पूर्ण करने को कहा।

लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से करें निराकृत

बैठक में कलेक्टर ने माननीय उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को न्यायालयीन प्रकरणों को विशेष प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने तथा आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए।

लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने बैठक में समय-सीमा से संबंधित लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई पूर्ण कर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नहर मार्ग को पक्की सड़क बनाने की मांग



- दो किलोमीटर के रास्ते के लिए बरसात में सात-आठ किमी का लगाना पड़ता है चक्कर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत मोहतरा कला से नहर मार्ग होते हुए कोलेगांव तक लगभग ढाई किलोमीटर कच्ची सड़क को प्रधानमंत्री सड़क योजना में शामिल करने की मांग की जा रही है। इस मार्ग के पक्का होने से कंझेटा, मोहतरा कला, कारीमाटी और कान्हाभैरा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों, किसानों और विद्यार्थियों को सुविधा मिलेगी। वर्तमान में कच्चा मार्ग होने के कारण बरसात में आवागमन बंद हो जाता है। ऐसे में ग्रामीणों को दो से ढाई किलोमीटर की दूरी के लिए सात-आठ किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। कोलेगांव के विद्यार्थी दसवीं के बाद 11वीं और 12वीं की पढ़ाई के लिए कंझेटा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल जाते हैं। सड़क बनने से उनका समय बचेगा और आवागमन आसान होगा। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मोहतरा कला से नहर मार्ग होते हुए कोलेगांव तक सड़क को प्रधानमंत्री सड़क योजना में शामिल कर पक्का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को बारहमासी आवागमन की सुविधा मिल सके।

गलियों में बह रहा गंदा पानी, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई सुधार की गुहार

बीजाझोरी में गंदगी के बीच जूझ रहे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जनपद पंचायत कवर्धा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर के आश्रित ग्राम बीजाझोरी में मूलभूत सुविधाओं का गंभीर अभाव देखने को मिल रहा है। गांव में स्वच्छता और विकास कार्यों की स्थिति बेहद खराब है, जिसके कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा की जिंदगी में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते गांव की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। गांव के चौक-चौराहों और गलियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कई स्थानों पर निस्तारी का गंदा पानी 24 घंटे बहता रहता है, जिससे गलियां दलदल में तब्दील हो गई हैं।

ऐसे हालात में लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सूखे के दिनों में भी गलियों की स्थिति बदहाल रहती है, जबकि बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का निस्तारी तालाब भी उपेक्षा का शिकार है।

तालाब की पचरी क्षतिग्रस्त हो चुकी है और वहां तक पहुंचने वाला रास्ता भी जर्जर स्थिति में है। इसके कारण ग्रामीणों को निस्तारी कार्यों के लिए तालाब तक पहुंचने में कठिनाई होती है। गांव में सामुदायिक भवन तो मौजूद है, लेकिन देखरेख के अभाव में वह भी जर्जर हो चुका है। इसी तरह जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी टंकी भी केवल शोपीस बनकर रह गई है। पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से विशेषकर महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

सीसी रोड व नाली का अभाव

ग्रामीण बबला चंद्रवंशी, कपिल साहू और तुला राम साहू ने बताया कि कुछ समय पहले कलेक्टर के गांव आने के बाद विकास की उम्मीद जगी थी, लेकिन अब तक गांव की तस्वीर में कोई खास बदलाव नहीं आया है। गांव की गलियां कीचड़ से भरी हुई हैं और सीसी रोड व नाली का भी अभाव है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने के कारण गौठान के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं मिल पा रही है। ऐसे में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत से जल्द हस्तक्षेप कर समस्याओं के समाधान की मांग की है।

समस्या से वाकिफ, विकास कार्य के लिए राशि नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतों को मूलभूत, तेरहवीं और चौदहवीं वित्त आयोग सहित विभिन्न योजनाओं के तहत हर साल लाखों रुपए की राशि मिलती है। इसके बावजूद गांव में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। लंबे समय तक पानी जमा रहने से सड़ांध और बदबू की स्थिति बन गई है, जिससे ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान किया जाए, ताकि बीजाझोरी के लोगों को भी बुनियादी सुविधाएं मिल सकें और गांव में स्वच्छ व बेहतर वातावरण बन सके। इधर ग्राम पंचायत बरबसपुर के सरपंच प्रकाश यादव ने कहा कि गांव में व्याप्त समस्या वाकिफ है। समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन जब तक विकास कार्य कराने के लिए राशि स्वीकृत नहीं होंगे, तब तक कार्य नहीं कराया जा सकता है। विकास कार्य के लिए लगातार मांग किया जा रहा है।

पोंडी में धूमधाम से मनाया दशहरा, पायल साहू के गीतों ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंडी

हनुमत नगर पोंडी में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा उत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक आयोजनों के साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लोक गायिका पायल साहू के गीतों ने दर्शकों का मन मोह लिया। पायल साहू कि चिन्हारी लोक मंजिरा की टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोककला और संस्कृति की छटा बिखेरी वही देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। वही दशहरा उत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में रावण दहन आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण दहन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। वहीं, शीतला मंदिर से निकाले गए जोत-जवारा का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया।

गायिका पायल साहू ने अपने गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गायिका पायल साहू ने अपने गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं चिन्हारी लोक मंजिरा की टीम ने आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में लोग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष जयराम साहू, राजू मानिकपुरी, दिलीप श्रीवास्तव, राधे गोस्वामी, कोषाध्यक्ष पवन केशरवानी, संतोष साहू, टिकाराम देवांगन, सचिव शिवनारायण यादव, मुकेश कुम्भंकार, राजा गोस्वामी, सह सचिव रवि निषाद, वेद साहू, अमन पाली, मोन्टू निषाद, पंडा सुशील यादव, भगवान यादव, गणेश श्रीवास, प्रकाश साहू, रामु यादव सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

खैलटूकरी में मनाया भव्य दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्थापना के अवसर पर प्रति वर्ष दशहरा उत्सव शहर कस्बा एवं अलग-अलग गांव में मनाया जाता है उसी कड़ी में कुंडा मंडल के खैलटूकरी ग्राम में दशहरा उत्सव का आयोजन रखा गया जिसमें आस-पास के स्वयं सेवक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

गांव के गलियों में भारत माता के जयघोस के साथ पथ संचलन किया गया और माँ महामाया मंदिर प्रांगण में शस्त्र पूजन का आयोजन कर अतिथियों का उद्बोधन हुआ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गांव के वरिष्ठ फुशकू राम साहू द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना दिवस एवं दशहरा की बधाई देते हुए अपना उद्बोधन शुरू किया अपने उद्बोधन में श्री साहू ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को राष्ट्र के लिये जरुरी बताया उन्होंने कहा की जब भी देश में कोई संकट आया है तब



तब राष्ट्रीय स्वयं सेवक अपने प्राणों की आहुति देकर देश सेवा में समर्पित रहे है मुख्य वक्ता के रूप में राम मुरारी यादव ने सभी को देश प्रेम की भाव के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया श्री यादव ने कहा की आज भारत देश को अराजक तत्वों द्वारा अस्थिर करने की प्रयास किया जा रहा है आज रूस जैसे देश जल रहा है जिसके पीछे ऐसे विचार धारा है जो देश को बाटने की कोशिश करते है।

वही कोशिश भारत में भी की जा रही है भारत के युवाओं को समझने की आवश्यकता है की देश से बढ़कर कुछ नहीं होता देश सुरक्षित रहेगा तब हम सुरक्षित रहेंगे ऐसे विचार धारा से दुर रहने की जरुरत है जो देश को बाटने का काम करे हमें सर्वोच्च स्थान पर देश को रखना चाहिए।

वही कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला सह बौद्धिक प्रमुख होरीलाल गबेल, पंडरिया खंड के कार्यवाह नरेन्द्र चंद्रवंशी, उपखंड कुंडा के व्यवस्था प्रमुख ईश्वरी साहू, कुंडा मंडल के कार्यवाह शिवकुमार आर्य,स्वयंसेवक अश्वनी यदु, रोहित रजक, जयराम साहू, सामता प्रसाद साहू, मनीराम साहू, धर्मेन्द्र साहू, लेखुराम यादव, गोविन्द साहू, रामचंद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



पीवी ऐप और भुइयां पोर्टल की समस्याओं सहित कई मांगे उठाई

पटवारियों की हड़ताल दसवें दिन भी जारी, विभागीय कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रांतीय आह्वान पर गत 13 अक्टूबर से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठक जिलेभर के पटवारियों की हड़ताल दसवें दिन भी जारी रही। हैरानी की बात यह है कि सीधे तौर पर किसानो और आम लोगों से सरोकार रखने वाले इस विभाग की रीड़ कहे जाने वाले पटवारियों की हड़ताल के दस दिन बाद भी शासन-प्रशासन द्वारा अब तक हड़ताल को समाप्त कराने में अथवा बीच का रास्ता निकालने कोई प्रयास नहीं किया गया है।

ऐसे में अब यह हड़ताल कब तक जारी रहेगी भगवान जाने। दूसरी तरफ पटवारियों की इस हड़ताल का अब विभाग के कामकाज में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। इन सब के बीच पटवारी संघ ने स्पष्ट किया है कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

गौरतलब है कि पटवारियों की हड़ताल से राजस्व विभाग से जुड़े कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। इसका सीधा असर उन किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों पर पड़ सकता है, जिन्हें जमीन संबंधी कार्यों और विभिन्न सरकारी प्रमाणपत्रों के लिए पटवारियों की जरूरत पड़ती है। पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में पीवी ऐप और भुइयां पोर्टल में आ रही तकनीकी दिक्कतों का समाधान शामिल है। संघ का कहना है कि इन डिजिटल माध्यमों से काम करने में कई तरह की समस्याएं और अव्यवस्थाएं सामने आ रही हैं।

इसके बावजूद पटवारियों पर नए डिजिटल फसल सर्वे सहित विभिन्न कार्यों को समय पर पूरा करने का दबाव बना हुआ है। पटवारी इन समस्याओं का स्थायी समाधान चाहते हैं, ताकि मैदानी स्तर पर कामकाज सुचारु रूप से हो सके। पटवारियों की अन्य मांगों में बलौदाबाजार, महासमुंद सहित विभिन्न जिलों में किए जा रहे तबादलों, निलंबन और कारण बताओ नोटिस की कार्रवाई का विरोध शामिल है।

इसके अलावा वेतन विसंगतियों को दूर करने, पदोन्नति का लाभ देने और अतिरिक्त कार्यभार के दबाव को कम करने की मांग भी उठाई गई है। संघ का कहना है कि इन समस्याओं का निराकरण किए बिना कामकाज को लेकर अपेक्षाएं बढ़ाना उचित नहीं है।



किसानो और लोगों की बढ़ रही परेशानी

पटवारियों की हड़ताल का सबसे अधिक असर राजस्व संबंधी कार्यों पर पड़ रहा है। भूमि नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे काम प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही डिजिटल फसल सर्वे, किसान पंजीयन और गिरदावरी के कार्यों में भी बाधा आ रही है। इन प्रक्रियाओं से जुड़े किसानों को अपने जरूरी काम पूरे कराने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। पटवारियों की हड़ताल का असर विद्यार्थियों और आम नागरिकों पर भी पड़ रहा है। आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र बनवाने के लिए कई मामलों में राजस्व अमले की रिपोर्ट जरूरी होती है। ऐसे में हड़ताल लंबी खिंचने पर प्रमाणपत्रों के निर्माण और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में देरी हो रही है। इसका असर उन विद्यार्थियों पर भी पड़ रहा है, जिन्हें प्रवेश, छात्रवृत्ति या अन्य जरूरी कार्यों के लिए निर्धारित समय-सीमा में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होता है। कुल मिलाकर पटवारियों का हड़ताल का अब व्यापक असर देखने को मिल रहा है।

पटवारियों की हड़ताल से धान खरीदी की तैयारियां प्रभावित होने की आशंका

किसानों को परेशानी हुई तो किसान कांग्रेस करेगी आंदोलन

- सरकार तत्काल निकाले समाधान : रवि चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ में पटवारियों की हड़ताल के चलते धान खरीदी की तैयारियां प्रभावित होने की आशंका को लेकर जिला किसान कांग्रेस कमेटी, कबीरधाम के अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी ने चिंता जताई है।

उन्होंने राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर पटवारी संघ से बातचीत करने और समस्या का समाधान निकालने की मांग की है। चंद्रवंशी ने कहा कि धान खरीदी किसानों की आजीविका से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है।

ऐसे में किसानों के पंजीयन से लेकर राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटियों के सुधार तक के कार्य समय पर पूरे होना जरूरी है। रवि चंद्रवंशी ने कहा कि धान बेचने के लिए किसानों का पंजीयन, गिरदावरी, डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर आईडी और राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटियों का सुधार आवश्यक प्रक्रिया है। पटवारियों की हड़ताल के कारण इन कार्यों में देरी होने पर किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि फौती, नामांतरण, बंटवारा और अन्य राजस्व प्रकरणों का समय पर निराकरण नहीं होने से किसानों का पंजीयन अटकने की आशंका है, जिसका असर धान विक्रय पर भी पड़ सकता है। ऐसे में श्री चन्द्रवंशी ने सरकार से जल्द से जल्द हड़ताल समाप्त कराए जाने की मांग की है।

संघ से संवाद कर हड़ताल समाप्त कराने की मांग

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए पटवारी संघ से तत्काल संवाद करना चाहिए। पटवारियों की मांगों पर सकारात्मक पहल कर हड़ताल समाप्त कराने का प्रयास किया जाना चाहिए, ताकि राजस्व व्यवस्था सुचारु रहे और धान खरीदी की तैयारियों पर प्रतिकूल असर न पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अव्यवस्था या राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटियों के कारण किसी भी किसान का पंजीयन नहीं रुकना चाहिए।

विशेष शिविर का किया जाए आयोजन

चंद्रवंशी ने मांग की कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएं और लंबित राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। फार्मर आईडी और एग्री-स्टैक पोर्टल से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए भी प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को तकनीकी दिक्कतों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के कारण अपनी उपज बेचने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। सरकार की जिम्मेदारी है कि किसानों को समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और उनकी उपज के विक्रय की प्रक्रिया सुचारु रखी जाए।

किसानों के हित में आंदोलन की चेतावनी

रवि चंद्रवंशी ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत कर देश और प्रदेश के लिए अन्न पैदा करता है। ऐसे में धान बेचने के लिए किसानों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ें या प्रशासनिक समस्याओं के कारण परेशानी उठानी पड़े, यह उचित नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो किसान कांग्रेस किसानों के हितों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेगी। उन्होंने सरकार से तत्काल कदम उठाकर धान खरीदी की तैयारियों को सुचारु बनाने की मांग की, ताकि प्रदेश के किसी भी किसान को अपनी उपज बेचने में परेशानी न हो।

खबर संक्षेप



बोड़ला में ओपन स्कूल की संपर्क कक्षाएं प्रारंभ

बोड़ला। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बोड़ला के केंद्र क्रमांक 0202 में नवंबर 2026 की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए ओपन स्कूल के परीक्षार्थियों के लिए संपर्क कक्षाओं का आयोजन ओपन प्रभारी रवि कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। परीक्षार्थियों की परीक्षा तैयारी को बेहतर बनाने तथा विषयों की समझ विकसित करने के उद्देश्य से संस्था के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा अध्यापन कराया जा रहा है। संपर्क कक्षाओं में विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों का अध्ययन कराने के साथ-साथ उनकी शंकाओं का समाधान भी किया जा रहा है, ताकि वे परीक्षा में आत्मविश्वास के साथ सम्मिलित हो सकें। ओपन प्रभारी रवि कुमार वर्मा द्वारा सभी परीक्षार्थियों को संपर्क कक्षाओं में उपस्थित होकर नियमित रूप से अध्ययन करने के लिए कहा गया है। उन्होंने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएँ और परीक्षा की तैयारी गंभीरता एवं नियमितता के साथ करें। संपर्क कक्षाओं का समय-सारणीः कक्षाएँ दिनांक 22 अक्टूबर 2026 से 25 अक्टूबर 2026 तक नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी। इसके पश्चात प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को संपर्क कक्षाएं संचालित होंगी।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता 27 अक्टूबर को

कवर्धा। कबीरधाम जिले में 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 अक्टूबर 2026 को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गावती चौक, कवर्धा में प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता का मुख्य विषय सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार' है। इसमें विद्यार्थी शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में तैयार की गई अपनी वैज्ञानिक परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण करेंगे। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा, रचनात्मकता एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस मंच के माध्यम से विद्यार्थी अपने स्थानीय परिवेश से जुड़े विभिन्न सवालों को समझने तथा उनके समाधान खोजने के लिए वैज्ञानिक विधियों का उपयोग कर सकेंगे। साथ ही प्रयोग, आंकड़ों के संकलन, विश्लेषण एवं नवाचार के माध्यम से निष्कर्ष तक पहुंचने की क्षमता विकसित करेंगे।

खरीफ फसलों के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य शासन की कृषि उन्नति योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में फसलों के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है।

जिले के सभी पात्र किसानों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराने के साथ ही फसल एवं रकबे से संबंधित विवरण का सत्यापन और आवश्यक संशोधन कराने की अपील की गई है।

राज्य शासन द्वारा किसानों को कृषि कार्यों में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने तथा खेती की लागत का बोझ कम करने के उद्देश्य से कृषि उन्नति योजना संचालित की जा रही है। योजना के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि यंत्रीकरण एवं नवीन तकनीकों के उपयोग में सहायता प्रदान करने का लक्ष्य है।

जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के अनुसार, खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं तथा समर्थन मूल्य पर धान एवं अन्य फसलों के उपार्जन का लाभ दिलाने के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। उप संचालक कृषि ने बताया कि शासन की नीति के अनुसार, निर्धारित पात्रता एवं शर्तों को पूरा करने वाले पंजीकृत किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा। अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 के बाद नया पंजीयन अथवा संशोधन स्वीकार नहीं किए जाने का प्रावधान है।

इन स्थानों पर करा सकते हैं पंजीयन

किसान अपने नजदीकी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिए कृषि विभाग के मैदानी अमले से भी सहयोग लिया जा सकता है। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति, आधार सीडेड एवं डीबीटी सक्रिय बैंक खाते का विवरण तथा ऋण पुस्तिका अथवा बी-1, पी-2 जैसे भूमि संबंधी अभिलेख आवश्यक होंगे। पहले से पंजीकृत किसानों को फसल या रकबे में संशोधन के लिए संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे।

दीपावली से पहले जुए के फड़ पर पुलिस की दबिश, जुआ खेलते आठ जुआरी दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दीपावली से पहले जुआ और अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।

पांडातराई थाना क्षेत्र के ग्राम खुरमुंदा में जुआ खेलते आठ लोगों को पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से 7,700 रुपये नकद और 52 पत्ती ताश जब्त की। वहीं, ग्राम खरहट्टा में अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शराब और बिक्री की रकम जब्त की गई।

पुलिस के अनुसार, ग्राम खुरमुंदा स्थित खार में रुपये-पैसों का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश से हार-जीत का जुआ खेला जा रहा था। सूचना मिलने पर पांडातराई पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आठ लोगों को पकड़ा। इनमें मुकेश चंद्रवंशी, उत्तम चंद्रवंशी एवं मिथलेश साहू, ज्ञानिक साहू निवासी गंडईकला; परमेश्वर साहू निवासी खड़ौदाकला; दिनेश चंद्रवंशी एवं मधुसूदन यादव निवासी कुसुमघटा तथा पप्पू चंद्रवंशी निवासी बोईरकछरा शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7,700 रुपये नकद और 52 पत्ती ताश जब्त की। मामले में अपराध क्रमांक 178/2026 के तहत छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।



खरहट्टा में शराब बेचते एक आरोपी पर कार्रवाई

पुलिस ने 21 अक्टूबर को ग्राम खरहट्टा मेन रोड पर एक दुकान के सामने अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में जितेन्द्र चंद्रवंशी आयु 32, पिता रामशरण चंद्रवंशी, निवासी गंडईकला के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के कब्जे से 3,600 मिलीलीटर शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 1,600 रुपये बताई गई है। इसके अलावा शराब बिक्री की 100 रुपये की रकम भी जब्त की गई। इस मामले में पांडातराई थाने में अपराध क्रमांक 180/2026 के तहत आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

नवरात्रि पर्व पर बाल प्रतिभा एवं संस्कार प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

समीपस्थ ग्राम नवापारा अमरपुर में मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर 11 से 19 अक्टूबर तक नौ दिवसीय बाल प्रतिभा एवं संस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में ज्ञान, संस्कार, कला, संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति रुचि विकसित करना तथा उनकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था।

नौ दिवसीय आयोजन में बच्चों के लिए विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें संस्कृत श्लोक पाठ एवं शुद्ध वाचन, 'मेरा गांव, मेरा गौरव' विषय पर कविता और भाषण, चित्रकला, रंगोली, माला निर्माण, थाली सज्जा, वेशभूषा, सामान्य ज्ञान तथा नृत्य प्रतियोगिता शामिल रहीं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और ज्ञान का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में ऐश्वर्य सोलंकी, सुखमनी साहू, आद्या, हरीश सहित अन्य बच्चों ने पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्राप्त किए। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार सोसायटी साड़ी सेल, शिवालय मेडिकल के प्रोपराइटर जितेंद्र साहू, लोरमी तथा श्रीकांत सिंह की ओर से प्रदान किए गए। सभी चयनित प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती दुलारी पोर्ते, होरीलाल पोर्ते, शिक्षक जगदीश साहू तथा दुर्गोत्सव समिति के संयोजक एवं अध्यक्ष संपत साकत उपस्थित रहे। निर्णायक एवं सहयोगी सदस्यों में श्रीमती मोंगरा साहू, कमलेश यादव, पूनाराम पाण्डेय, आचार्य महेंद्र पाठक, विनोद सिंह, जगदीश साहू, लव सिंह ठाकुर, श्रीकांत सिंह, कैलाश, रमेश, विजय, किशन एवं भोलू सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। शिक्षक श्रीरामचरित सोलंकी ने कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करना और उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन प्रत्येक गांव में होने चाहिए, ताकि बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने के साथ भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक दायित्वों को समझने का अवसर मिले। अंत में मां दुर्गा उत्सव समिति ने आयोजन की सफलता में सहयोग देने वाले अतिथियों, निर्णायकों, समिति सदस्यों, अभिभावकों एवं ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिक्षकों के लिए अलग से होगा टेट का आयोजन, एसोसिएशन ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों के लिए टेट परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए छग टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों के लिए अलग से टेट अर्थात शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने की मांग किया था।

छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 21 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र के अनुसार शिक्षकों के लिए अलग से साल में दो बार टेट परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। शासन के पत्र में कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा आयोजित करने का उल्लेख किया गया है। छग टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों के लिए अलग से टेट परीक्षा आयोजित करने के निर्णय का स्वागत किया है।

साथ ही कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा के बजाय ऑफलाइन टेट परीक्षा आयोजित करने की मांग किया है। ज्ञातव्य हो कि एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में विगत 6 जून को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं 17 सितम्बर को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर शिक्षकों के लिए सामान्य टेट से हटकर अलग से टेट परीक्षा आयोजित करने कि मांग किया था।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चंद्राकर आदि ने बताया कि इस परीक्षा में जिले के दो हजार से अधिक शिक्षकों को बैठने का अवसर मिलेगा।

एक आरोपी गिरफ्तार, नकदी, चांदी के आभूषण, बाइक आदि बरामद

पंडरिया कृषि केंद्र में 4.10 लाख की चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

पंडरिया नगर के कवर्धा-कुकदूर तिराहा स्थित पंजाब एजेंसी कृषि केंद्र में हुई 4 लाख 10 हजार रुपये की चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने ग्राम घोंठा निवासी 37 वर्षीय नंद राम श्रीवास को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 1 लाख 49 हजार 80 रुपये नकद, चोरी की रकम से खरीदे गए चांदी के आभूषण, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और लोहे का सब्बल सहित कुल 3 लाख 2 हजार 80 रुपये की संपत्ति जब्त की है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना 14 और 15 अक्टूबर की दरमियानी रात की है।

अज्ञात चोर ने पंडरिया के कवर्धा-कुकदूर तिराहा स्थित पंजाब एजेंसी कृषि केंद्र में सेंधमारी कर काउंटर की दराज में रखे 4 लाख 10 हजार रुपये पार कर दिए थे। घटना की शिकायत मिलने पर पंडरिया पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों से मिला सुराग



चोरी की वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर ग्राम घोंठा निवासी नंद राम श्रीवास को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। विवेचना के दौरान आरोपी की निशानदेही पर चोरी की रकम और वारदात से संबंधित सामग्री बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के कब्जे से 1 लाख 49 हजार 80 रुपये नकद तथा चोरी के पैसों से खरीदे गए लगभग 1 लाख 32 हजार रुपये के चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और लोहे का सब्बल भी जब्त किया गया है। जब्त संपत्ति का कुल मूल्य 3 लाख 2 हजार 80 रुपये बताया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी नंद राम श्रीवास के खिलाफ पूर्व में भी बैजलपुर पुलिस चौकी में चोरी का मामला दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की विवेचना कर रही है।

